Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding NHAI Project in Tripura.

श्री रेबती त्रिपुरा (त्रिपुरा पूर्व): सर, मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय सरकार से निवेदन करता हूं कि धर्मनगर से अगरतला नेशनल हाईवे जो वहां लाइफ-लाइन के नाम से जानी जाती है । वहां नेशनल हाईवे प्रोजैक्ट का काम काफी दिनों से चल रहा है, लेकिन काम जल्दी पूरा नहीं होने के कारण वाहनों के आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है । इसलिए आपके माध्यम से मेरी मांग है कि इस प्रोजैक्ट को जल्द से जल्द पूरा किया जाए । सर, मैं दो-तीन पॉइंट्स कहना चाहता हूं ।

आमबासा से अमरपुर वाया गंडाछरा रोड, जो नेशनल हाईवे प्रोजैक्ट के द्वारा स्वीकृति मिलने के बावजूद काम शुरू नहीं हुआ है । मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि इस प्रोजैक्ट को जल्द शुरू कराया जाए ।

माननीय सभापति: इसमें एक ही विषय उठाया जाता है, एक ही विषय उठाया जाना चाहिए ।

श्री रेबती त्रिपुरा : सर, गंडाछरा से रायसाबड़ी, रायसाबड़ी से जतनबाड़ी वाया तिर्थमुख, रोड को नेशनल हाईवे प्रोजैक्ट में शामिल किया जाए, जिससे तिर्थमुख, जहां पूस संक्रांति मेला लगता है और डम्बूर लेक जो पर्यटन का बहुत बड़ा क्षेत्र है, वहां नेशनल हाईवे का काम शुरू किया जाए । धन्यवाद ।